प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 23.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए छोटे–बड़े चिकित्सा संस्थानों और इससे जुड़े पेशेवरों का निबंधन किया अनिवार्य।
- सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति से संबंधित ताजा आंकड़े 18 मई तक प्रस्तुत करने का दिया निर्देश।
- असम विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे पर झामुमो और कांग्रेस में नहीं बनी सहमति, झामुमो ने 19 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का लिया निर्णय।
- झारखंड में आज से तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की होगी वृद्धि, किसानों ने बारिश–ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपायी के लिए सरकार से मांगी मदद।
- राजधानी रांची में 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा प्रतियोगिता आज से, देशभर की 28 टीमें लेंगी भाग।

***********************

केंद्र सरकार ने देशभर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े हर छोटे–बड़े संस्थानों और पेशेवरों के लिए रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य किया है। इसके दायरे में प्राइवेट अस्पताल, ब्लड बैंक, मेडिकल स्टोर, डायग्नोस्टिक सेंटर सहित सभी स्वास्थ्य सेवाओं को शामिल किया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की जिला प्रोजेक्ट को–ऑर्डिनेटर ऋषिका सिन्हा ने बताया कि डॉक्टरों और नर्सों का भी डिजिटल रजिस्ट्रेशन कराना होगा, ताकि उनकी पहचान और योग्यता की प्रमाणिकता सुनिश्चित की जा सके।

***********************

केंद्र सरकार ने आश्वस्त किया है कि देश भर में आवश्यक ईंधन की कोई कमी नहीं है, तेल शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और पेट्रोल तथा डीजल का पर्याप्त भंडार है। हमारे आकाशवाणी संवाददाता ने बताया कि खुदरा दुकानों पर भी किसी प्रकार की कमी की सूचना नहीं है।

***********************

सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जेलों की स्थिति से संबंधित ताजा आंकड़े 18 मई तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसमें कैदियों की स्वीकृत क्षमता और भीड़भाड़ से निपटने के लिए किये गए प्रयास शामिल हैं। अदालत ने महिला जेलों की संख्या और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण भी मांगा है, जिसमें महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चों की शिक्षा और कल्याण के उपाय भी हैं।

***********************

असम विधानसभा चुनाव में झामुमो 19 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगा। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि असम चुनाव को लेकर झामुमो और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बनी। कांग्रेस सिर्फ सात सीटें देने पर अड़ी रही, जबकि झामुमो की योजना करीब 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की थी।

***********************

राज्य सरकार ने सभी 49 नगर निकायों का दायरा 3 हजार 218 किमी बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए सरकार ने 16वें वित्त आयोग से दो हजार 575 करोड़ रूपये का अनुदान मांगा है। बरहरवा, छतरपुर, हरिहरगंज, डोमचांच, महागामा, बड़की सरैया, धनवार जैसे निकायों में एक सौ ग्यारह करोड़ से सॉलिड वेस्ट

मैनेजमेंट प्लांट बनाया जायेगा। वहीं सभी 24 जिलों में 33 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम औद्योगिक पार्क बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए 3 हजार 300 करोड़ रुपये की मांग की गई है।

***********************

रिम्स में अब कैंसर, थॉयराईड और गठिया समेत कई गंभीर बीमारियों की जांच होगी। रिम्स प्रबंधन के अनुसार इस पहल से गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें निजी लैब में जांच के लिए हजारों रुपये खर्च करने पड़ते थे। जिन बीमारियों की जांच के लिए निजी लैब में 15 से 20 हजार रुपये तक खर्च करने पड़ते थे, वे फिलहाल फ्री या बहुत कम दर पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

***********************

हजारीबाग जिले के उरीमारी ओपी क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आठ उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से दो इंसास राइफल समेत जिंदा कारतूस, एक देसी पिस्टल, एक चारपहिया वाहन और सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफतार उग्रवादियों में सुनील मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, लालमोहन मुंडा, अनिल मुंडा, रविंद्र गंझू उर्फ रिंकू, सत्येंद्र गंझू उर्फ संटू और संजय मुंडा  है।

***********************

सिमडेगा पुलिस ने बोलबा थाना क्षेत्र के पीडियापोछ जंगल से 227 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। साथ ही सोलह तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी।

***********************

मौसम केंद्र रांची की ओर से आज विश्व मौसम विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम है आज का अवलोकन कल की सुरक्षा। सभी मौसम विज्ञान प्रेमी, विश्वविद्यालय और स्कूल के छात्रों को मौसम केंद्र में विभिन्न उपकरणों का अवलोकन, कार्यप्रणाली और संगठनात्मक संरचना की जानकारी दी जायेगी। यह कार्यक्रम मौसम विज्ञान के प्रति रुचि रखने वाले सभी लोगों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।

***********************

झारखंड में आज से मौसम साफ रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले तीन–चार दिनों तक तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी, जिससे गर्मी का एहसास होगा। हालांकि 27 मार्च से राज्य के विभिन्न हिस्सों में फिर बारिश की संभावना है। इधर, साहेबगंज समेत विभिन्न जिलों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की भरपायी के लिए किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

***********************

रांची के होटवार में मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टकरा प्रतियोगिता आज से शुरू हो रही है। इसमें देशभर की 28 टीमें भाग ले रही हैं। इंटरनेशनल सेपक टकरा फेडरेशन के महासचिव दातुक अब्दुल हलीम बिन कादिर कल रांची पहुंचे। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन अपराह्न 3 बजे से होगा।

***********************

<u>प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अमेरिका–इजरायल और ईरान के बीच युद्ध और चेतावनी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा

हिन्दुस्तान ने लिखा है– जमाखारों पर सरकार सख्त, सरकार निगरानी के लिए मंत्रियों और सचिवों का बनायेगी समूह।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड ने अपने बजट का 23 प्रतिशत फ्रीबीज योजनाओं पर किया खर्च।

प्रभात खबर ने लिखा है– अमेरिका से एलपीजी और रूस से क्रूड पहुंचा भारत। वहीं दैनिक जागरण ने असम चुनाव में 19 सीटों पर झामुमो के चुनाव लड़ने की खबर को प्रमुखता दी है।

*********समाप्त*************